प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज 200 नवनियुक्त चिकित्सकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा– निचले स्तर तक स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल करना सरकार का लक्ष्य।
- राज्य सरकार ने निकायों और पंचायतों को राजस्व की चार फीसदी राशि देने का किया फैसला, मंत्रिपरिषद ने प्रस्ताव को दी मंजूरी।
- मां दुर्गा की भक्ति में डूबा राज्य, राजधानी रांची में आज से खुलने लगेंगे पूजा पंडालों के पट, हाईकोर्ट ने स्वच्छता, सुरक्षा और ध्वनि प्रदूषण का विशेष ध्यान रखने का दिया निर्देश।
- रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बिगड़ा मौसम, आज कई इलाकों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी।
- रांची में आयोजित 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड बना ओवरऑल चैंपियन, खिलाड़ियों ने 22 स्वर्ण समेत जीते 58 पदक।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज राजधानी रांची में आयोजित समारोह में लगभग 200 डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इन डॉक्टरों में 100 नियमित सरकारी डॉक्टर और 100 संविदा पर नियुक्त होने वाले चिकित्सक शामिल हैं।

*******************

राज्य सरकार ने विकास कार्यों के लिए निकायों और पंचायतों को सरकार के शुद्ध स्व कर की चार प्रतिशत राशि देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। मंत्रिपरिषद ने सारंडा को वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी घोषित करने को लेकर पांच मंत्रियों का एक समूह गठित करने का निर्णय लिया है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मंत्रियों का समूह क्षेत्र के आर्थिक–समाजिक गतिविधियों का आकलन करेगा और सरकार को रिपोर्ट सौंपेंगा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी रांची में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खोलने की दिशा में ठोस कदम उठाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के खुलने से यहां के खेल और खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के साथ उन्हें आगे बढ़ाने के लिए बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा।

श्री सोरेन कल खेल विभाग एवं सीसीएल के वरीय अधिकारियों के साथ मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, होटवार, रांची के प्रस्तावित उन्नयन को लेकर उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे।

*******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर बनी लघु फिल्म चलो जीते हैं देखी। फिल्म देखने के बाद श्री मरांडी ने कहा कि यह फिल्म सिर्फ खुद के जीवन को जीने के लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए जीने की प्रेरणा देने वाली फिल्म है।

*******************

झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी की कार्यकारी निदेशक डॉक्टर नेहा अरोड़ा की अध्यक्षता में रांची के नामकुम स्थित सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में आयुष्मान भारत–मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने 2026 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की संभावित डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होकर 15 जुलाई तक आयोजित होंगी। इस बार 10वीं की बोर्ड परीक्षा पहली बार दो चरणों में होगी।

*******************

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके ये सुधार नागरिकों को काफी राहत पहुंचा रहे हैं।

*******************

रांची जिले में खाद्य सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।

*******************

शारदीय नवरात्र का आज चौथा दिन है। आज माता के नौ स्वरुपों में एक मां कूष्मांडा की पूजा हो रही है। इधर, पूरे राज्य में अब नवरात्र की रौनक दिखने लगी है। रांची में आज शाम से पूजा पंडालों के पट खुलने लगेंगे। इस बीच झारखंड हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन को दुर्गा पूजा के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा और ध्वनि प्रदूषण पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया है।

*******************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज सबेरे से ही आसमान में बादल छाये हुए हैं और बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक नया सिस्टम बन रहा है। अगर यह सक्रिय होता है तो दुर्गा पूजा के दौरान भी बारिश देखने को मिल सकती है।

*******************

रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड 172 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बना है। पूरे टूर्नामेंट में झारखंड ने कुल 22 स्वर्ण, 18 रजत और 18 कांस्य समेत 58 पदक अपने नाम किए।

*******************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गये निर्णयों को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– राज्यकर्मियों को पांच दिन पहले मिलेगा वेतन।

प्रभात खबर के शब्द हैं– बालू की अवैध कमाई से अर्जित अंबा प्रसाद के भाई का मकान और 13 दशमलव दो चार एकड़ जमीन जब्त।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य में बालू घाटों समेत लघु खनिजों के आवंटन पर रोक हटाने से झारखंड हाईकोर्ट का इनकार।

दैनिक जागरण ने डीजीपी के हवाले से लिखा है– 2026 का सूर्योदय नहीं देख सकेंगे झारखंड के माओवादी।

************